






## एक नजर में

### सद्भावना मंच कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर शान से फहराया तिरंगा झंडा




**खंडवा।** सद्भावना मंच सदस्यों द्वारा मालीकुंआ स्थित मंच कार्यालय में आजादी के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर दो बार राष्ट्रपति पदक प्राप्त पूर्व डीएसपी आनंद सिंह तोमर की उपस्थिति में बड़ी शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन द्वारा सभी शहरवासियों तथा देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मिठाई का वितरण किया गया। वही इस मौके पर कराओके ट्रैक पर अनेक गायकों द्वारा देश भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देते हुए सभी के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत की गयी। इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, पार्षद प्रदीप यादव, दीपसिंह झाला, अशोक जैन, कैलाश शर्मा, ललित चौरे, बी डी सराफ, तिलोक चौधरी, एनके दवे, डॉ. वीरेंद्र लाड, रजत सोहनी, निर्मल मंगवानी, डॉ. एमएम कुरैशी, कमल नागपाल, मनीष गुप्ता, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि उपस्थित थे।

### प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने विद्यार्थियों के साथ किया मध्यान्ह भोजन



**खंडवा।** खंडवा जिले में स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने ग्राम टिठियाजोशी के माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने स्कूल परिसर में विधायक कंचन मुकेश तन्वे, महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, के साथ पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

### सिंधी समाज द्वारा श्रद्धा पूर्वक मनाया गया थदड़ी पर्व

**खंडवा।** सिंधी समाज द्वारा शीतला सप्तमी थदडी पर्व आस्था एवं हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस सहयोग ही कहा जाएऐ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुगुने उत्साह के साथ समाजजनों द्वारा इस पर्व की तैयारी के लिए 1 दिन पूर्व ही भोजन तैयार कर लिया गया था और सप्तमी के दिन पूरे कुटुंब परिवार के साथ शीतला माता की पूजा अर्चना के बाद यह भोजन ग्रहण किया गया। श्रीमती ज्योति ने बताया कि समाज की माता बहनों द्वारा बड़ी संख्या में प्रात: काल समाज के ब्राह्मण पंडित श्यामलाल शर्मा, पंडित गोवर्धनदास भारद्वाज, पंडित प्रदीप भारद्वाज के घर एवं बाबा प्रहलादराय दरबार पहुंचकर भक्तिमय गीतों की प्रस्तुतियां के साथ शीतला माता की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं अपने प्रकोप से परिवार एवं श्रद्धालुओं को बचाए जाने की कामना की गई।

### कलेक्टर श्री गुप्ता ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण



**खंडवा।** खंडवा जिले में स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में तथा कलेक्टर निवास पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान, संयुक्त कलेक्टर आर. सी. खतेड़िया, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, एसडीएम श्री बजरंग बहादुर सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### 50 हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन किए

**ओंकारेश्वर।** शनिवार को 50 हजार से भी अधिक भक्तों ने ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर जी के दर्शन किए। अभी गुजरात एवं महाराष्ट्र समाज का श्रावण चल रहा हे इसलिए दोनों समाज के लोग भारी संख्या में आ रहे है। नर्मदाजी में पानी का लेबल बढ़ने से नावे बंद रखी गई।

### नगर निगम खंडवा में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया





**खंडवा।** नगर पालिका निगम खंडवा परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव एवं अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा के नेतृत्व में एमआईसी सदस्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, उपआयुक्त एसआर. सिटोले सहित समस्त निगम अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस अवसर पर सम्मिलित हुए। समारोह में एम. के. गांधी मेमोरियल स्कूल एवं नंदिनी ग्रुप के बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित महापौर, अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 निगम कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस





नवभारत न्यूज

**खंडवा। खंडवा जिले में स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। खंडवा के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े।**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण एल.ई.डी. टीवी के माध्यम से किया गया। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर नागरिकों के लिए शुभकामना संदेश का वाचन भी किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों तथा देहदान करने वालों के परिजनों को शॉल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए इन्हें दिए गए पुरस्कार

कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति पूर्ण सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को विभागीय उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।



### परेड के लिए इन्हें दिए गए पुरस्कार

कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट व गाईड तथा शौर्य दल मार्च पास्ट में शामिल हुए। परेड का नेतृत्व देवेन्द्र सिंह परिहार ने किया। परेड में जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल की प्लाटून को दिया गया, द्वितीय पुरस्कार सोफिया कॉन्वेंट स्कूल की प्लाटून को तथा तृतीय पुरस्कार एसएन कॉलेज के शौर्य दल को दिया गया।

इसी तरह सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार एसएन कॉलेज की एनसीसी की सीनियर बॉयज प्लाटून को दिया गया, द्वितीय पुरस्कार महिला पुलिस स्कूल की प्लाटून को तथा तृतीय पुरस्कार एसएन कॉलेज की एनसीसी की सीनियर गर्ल्स प्लाटून को दिया गया।

### कार्यक्रम में ये अतिथि रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक कंचन मुकेश तन्वे, महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों की घोषणा की

नवभारत न्यूज

**खंडवा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल द्वारा शनिवार को मध्यप्रदेश में कांग्रेस के जिलाध्यक्षो की घोषणा की है। जिसके अंतर्गत खण्डवा जिला अध्यक्ष पद पर उत्तमपाल सिंह पुरनी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर प्रतिभा रघुवंशी की नियुक्ति की गई है।**

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन बताया की खंडवा में कांग्रेस पार्टी द्वारा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घोषित किए गए उत्तमपाल सिंह पूरनी के निवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का तांता लगा रहा। जिम्मेदारी की घोषणा के बाद से ही लगातार बधाई देने वालों उत्तमपाल सिंह पूरनी के खंडवा निवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का तांता लगा रहा एवं कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशियां जताई।

उत्तमपाल सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक ठाकुर राजनारायण सिंह पूरनी के पुत्र हैं। स्वयं भी वे दो बार मान्धाता विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रह चुके हैं। परिवार का कांग्रेस के प्रति समर्पण और विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी के साथ डटे



रहना ही यह कारण माना जा रहा है, जिसकी वजह से आज पार्टी ने पुन: उनके परिवार पर भरोसा जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

इस नियुक्ति पर उत्तमपाल सिंह ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे संगठन को मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की पूरी कोशिश करेंगे। ग्रामीण कांग्रेस की यह नियुक्ति पार्टी कार्यकर्ताओं में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करती नजर आ रही है।

### कवि कला संगम परिवार द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन

**खंडवा।** भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कवि कला संगम परिवार के तत्वावधान एवं राजेश सोनी के सूत्रधार में पंधाना रोड़ स्थित ओंकार बिल्डिंग में साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए ककस प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि संगोष्ठी बैंक अधिकारी अनिल कुशवाह के विशेष आतिथ्य में आयोजित हुई। लगभग 3 घण्टे चले इस काव्य रचनाओं एवं देश भक्तिमय गीतों भजनों के कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार कवयित्री मंगला चौरे, कविता विश्वकर्मा, वर्षा उपाध्याय ने निमाड़ी हिंदी में देश प्रेम से लबरेज रचनाएं सुनाई। वही संदीप खरे, अकील खान जैसे युवा कवि जिन्होंने प्रथम बार ककस के मंच से काव्य यात्रा प्रारंभ कर उत्तम रचना पाठ किया।

## ढाबे की आड़ में चल रहा शराब का अवैध कारोबार पुलिस ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**खंडवा। हरसूद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जायसवाल ढाबे से 137 लीटर शराब जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया, वही आरोपी ढाबा मालिक फरार हो गया।**

पुलिस के अनुसार दिनाँक 15/08/2025 को ग्राम झूमरखाली में जायसवाल ढाबा में अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी राजकुमार राठौर के नेतृत्व में हरसूद पुलिस टीम द्वारा जायसवाल ढाबा झूमरखाली की चेकिंग करते आकाश जायसवाल, पिता मांगीलाल जायसवाल के ढाबा पर पीछे वाले कमरे में एक व्यक्ति शराब के साथ मिला, उसका नाम पता पूछने पर उसने उसका नाम राजा पिता सुखलाल पंवार जाति बंजारा उम्र 20 साल नि. बंजारा बस्ती फोकटपुरा संजय नगर खंडवा का होना बताया।

उसके पास 04 खाकी कलर के काटून (पेटी) में देशी मदिरा प्लेन के 180 एम. एल. के सीलबंद क्वाटर 200 नग (36 लीटर) शराब कीमती करीब 16,000 रूपये, एक प्लास्टिक की सफेद थैली में 100 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन के 180 एम, एल. सीलबन्द (18 लीटर) कीमती करीब 8,000 रूपये, 02 कागज के खाकी रंग की पेटी में बांबे स्पेशल व्हीस्की के 100 क्वाटर सीलबन्द 180 एमएल के (18 लीटर) कीमती करीब 12000 रूपए, एक कागज की खाकी रंग की पेटी में पावर कूल स्ट्रांग बीयर 500 एमएल की 24 केन 12 ली. कीमती करीब 3,120 रूपए की पायी गयी। पकडे गये व्यक्ति राजा से पूछताछ करने पर उसने शराब ढाबा मालिक आकाश पिता मांगीलाल जायसवाल निवासी जे जे अस्पताल के पास खंडवा की होकर आकाश जायसवाल के साथ मिलकर ढाबा में बेचने के लिये लाकर रखे थे। ढाबा के पीछे ही दूसरे कमरे में शराब रखी होना बताया और दूसरे वाले कमरे मे ले जाकर 03 खाकी कागज की पेटी में लेमाउन्ट स्ट्रांग बीयर 650 एमएल की सीलबन्द हालत में 36 नग बोतल में 13 लीटर 400 एमएल कीमती 5760 रूपये, एक कागज की पेटी में हंटर स्ट्रांग प्रिमियम बीयर 500 एमएल की केन 24 नग सीलबन्द हालत में 12 लीटर कीमती करीब 3600 रूपये, एक कागज की खाकी रंग की पेटी मे किंग फिशर स्ट्रांग प्रिमियम बीयर 500 एमएल की 24 केन 12 लीटर कीमती करीब 3840 रूपए, एक कागज की खाकी पेटी में आईकोनिक व्हाईट व्हीस्की 180 एमएल के 36 क्वाटर सीलबन्द हालत में कीमती करीब 7560 रूपए की उक्त कुल शराब 137 लीटर 880 एमएल कीमती करीब 59,880 रूपए की पायी गयी।

आरोपी आकाश जायसवाल मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश जारी है। उक्त शराब जप्त कर थाना हरसूद पर अपराध क्र. 313/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को दिनांक 16.08.25 को हरसूद न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से उसे खंडवा जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राठौर के नेतृत्व में थाना हरसूद की पुलिस टीम द्वारा उक्त कार्यवाही की गयी है।

**सराहनीय भूमिका :-** थाना प्रभारी हरसूद निरीक्षक राजकुमार राठौर, उनि रमेश मोरे, हरिओम मीणा, (चालक) जितेश सयदे, आनंद सिंह, भगवान मर्सकोले की सराहनीय भूमिका रही है।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया



नवभारत न्यूज

**मूंदी। मूंदी नगर शैक्षणिक संस्थाओं एवं शैक्षणिक कार्यो में आगे बढ़ रहा है। मूंदी शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर है। विकास कार्य चल रहे है, एवं एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। यह बात मांधाता विधायक नारायण पटेल में सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल मूंदी सेंटमेरिस कान्वेंट स्कूल में कही।**





इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर ने किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लाडली बहना शिक्षा एवं विकास कार्यो की बात कही। और लाडली बहनों को अक्टूबर माह से 1500रू. देने की बात कही। एवं श्री राठौर ने मूंदी के विकास की बात कही। मूंदी में स्टेडियम निर्माण की बात कही जिसमें विद्यार्थियों के लिए सभी सुविधाएं रहेगी एवं मूंदी में अमृत टू योजना की भी जानकारी दी।

नगर परिषद् अध्यक्ष ज्योतिबाला राठौर ने स्वागत भाषण दिया। नगरपरिषद् उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विशेष अतिथि अरूणसिंह मुन्ना ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। उनका स्वागत किया गया।

रेवोत्मा स्कूल को प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मूंदी नगर परिषद् के पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि एवं गणमान्यजन भी मौजूद थे। सैनिकों का सम्मान नवल सिंह एवं अमित ठाकुर का किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सिंह चौहान ने किया।

मूंदी के सभी स्कूलों के रेलियां गांधी चौक में आयी। जहां रेवोत्मा स्कूल द्वारा बैण्ड बाजे की धून पर राष्टगान हुआ। एवं झण्डा वंदन नगर परिषद् अध्यक्ष ज्योतिबाला राठौर ने किया। विद्यार्थियों को मिठाई वितरण हुआ।

**लोकार्पण** — नव निर्मित भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर लोकार्पण

# सांसद पाटिल ने तहसील कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**खंडवा। खंडवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयुक्त तहसील कार्यालय के नव निर्मित भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर लोकार्पण किया। इस भवन की कुल लागत 6.40 करोड़ रूपये है।**

सांसद ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए सभी से अपील की कि स्वदेशी अपनाएं और स्थानीय दुकानदारों से सामग्री खरीदें। ऑनलाइन खरीदी से दूसरे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, और उन्हें ही लाभ होता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही खंडवा शहर का बाईपास मार्ग बनेगा और खंडवा से मूंदी



मार्ग का नवनिर्माण भी होगा। सांसद श्री पाटिल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जन्माष्टमी पर्व की भी सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि खंडवा जिला जल संरक्षण की दिशा में देश और प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इसके लिए उन्होंने खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

विधायक ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। इसी के तहत खंडवा जिले में भी विकास कार्यों में गति आई है। उन्होंने कहा कि बाईपास रोड के निर्माण तथा खंडवा मूंदी रोड के निर्माण की स्वीकृति मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत दिनों खंडवा प्रवास के दौरान दी थी। इन दोनों कार्यों के होने से जिले के नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी।

महापौर ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश के साथ-साथ खंडवा जिले में भी विकास कार्यों की गति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक हमारे देश को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है, उसे पूरा करने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से आगामी त्यौहारों पर मिट्टी की मूर्तियां खरीदने की अपील की और कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से हमारे जल स्रोत प्रदूषित होते हैं।

लोकार्पण अवसर पर विधायक कंचन मुकेश तन्वे, महापौर अमृता अमर यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष हरीश कोटवाले, धर्मेन्द्र बजाज, मुकेश तन्वे व एसडीएम, खंडवा बजरंग बहादुर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।